हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
जबलपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025
login : www.haribhoomi.com
पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई



## शराब पीकर कर्मचारियों से मारपीट, चार गुंडे गिरफ्तार
# गुंडों का तांडव: चौरई पुलिस ने निकाला पैदल जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



बीती रात लगभग 1 बजे चौरई के एक पेट्रोलपंप पर शराब के नशे में धुत चार लोगों ने कर्मचारियों के साथ विवाद और मारपीट की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनका पैदल जुलूस निकालकर न्यायलय मे पेस किया गया।गिरफ्तार आरोपियों के नाम हैं:भूरा, आशीष सनकत, आकाश सनकत, मन्नू जैन के विरुद्ध पुलिस ने अपराध क्रमांक 635/25 के तहत धारा 296, 119(1), 351, 315 BNS के अंतर्गत मामला दर्ज किया और सभी आरोपियों को हवालात में बंद कर दिया। उक्त कार्रवाई में एस डी ओ पी भारती जाट , निरीक्षक गणपत सिंह उइके, उनि रामकुमार बघेल, सउनि हिरेशी नागेश्वर, सुशील त्रिपाठी, आरक्षक राजकिशोर बघेल, सूर्योदय बघेल, राजू भारती और राजेश सनोडिया शामिल थे।पुलिस ने बताया कि इस तरह की गुंडागर्दी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## मंदिर ने पुलिस से आरोपी पकड़ने की मांग
# हनुमान मंदिर में चोरी का प्रयास, बाइक छोड़कर भागा चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया नगर के भगत सिंह चौक स्थित बायपास मार्ग पर हनुमान मंदिर में रविवार रात चोरी का प्रयास किया गया । चौकीदार के चिल्लाने पर स्थानीय लोग दौड़े । चोर अपनी बाइक छोड़कर भाग गया।बाईपास स्तिथ हनुमान मंदिर में एक बार फिर चोरी का प्रयास किया गया । यह चौथी बार है जब इस मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया ।

घटना रविवार देर रात लगभग 3 बजे की है , जब एक अज्ञात चोर मंदिर की पिछली दीवार में होल बनाकर भीतर घुसा । चोर मंदिर की दान पेटी और साउंड सिस्टम चोरी करने की कोशिश कर रहा था । तभी वहां तैनात चौकीदार ने शोर मचाया । चौकीदार की आवाज सुनकर आसपास के स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे । जिससे घबराकर चोर मौके से भाग निकला । भागने के दौरान वह अपनी मोटरसाइकिल और जैकेट वहीं छोड़ गया । स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल 100 डायल कर पुलिस को सूचना दी । इसके बाद सोमवार सुबह मंदिर समिति और मोहल्ले के नागरिकों ने परासिया थाने पहुंचकर चोरी की लिखित शिकायत दर्ज कराई है ।

स्थानीय लोगों का कहना है , कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं और मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है । जिससे श्रद्धालुओं में असुरक्षा की भावना है । मंदिर समिति ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है ।

## पूर्व नपाध्यक्ष राठी ने किया अस्पताल में वाटर फिल्टर भेंट

**सौंसर।** सोमवार को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय राठी के द्वारा जन्म दिवस के अवसर पर स्वर्गीय कन्हैयालालजी राठी के स्मृति में सिविल हॉस्पिटल सौसर में 80 लीटर की शीतल पेय जल मशीन किया भेट की गई।इस दौरान श्रीमती शकुंतला राठी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर वाटर फिल्टर मशीन का शुभारंभ किया गया, चर्चा के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय राठी ने बतायाबीते दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों के द्वारा सामुदायिक सौसर केंद्र के अस्पताल मे रखी हुई शुद्ध पानी की मशीन खराब होने की जानकारी दी गई थी,इसके बाद में मेरे द्वारा स्वर्गीय कन्हैयालाल राठी की स्मृति में 80 लीटर की वाटर फिल्टर मशीन भेंट की गई है। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय राठी के जन्मदिवस के अवसर पर अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण करते हुए सभी क्षेत्रवासियों से अपने जन्म दिवस तीज त्योहार पर अपने आसपास के परिसर में एक पौधा लगाने की अपील भी की गई है। इस दौरान श्रीमती गुंजन राठी,बीएमओ डॉ योगेश आर शुक्ला,राजू राठी,शेखर कंटक,डीपीएम शैलेन्द्र सोमकुंवर श्याम शर्मा,सुरेश आगरकर,श्रीमती कल्पना सावल,राजू जायसवाल,जुबेर खान,संघमित्रा पटले,प्रेमलता मरकाम, उपस्थित थे,वाटर फिल्टर मशीन अस्पताल को भेंट करने पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश आर शुक्ला ने पूर्व नपा अध्यक्ष संजय राठी का आभार व्यक्त किया है।

## कलेक्टर ने ली समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक
# यूरिया की समय पर करें आपूर्ति: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

### 50 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों पर दें विशेष ध्यान

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि वे स्वयं यह देखें कि उनके विभाग में 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतें कौन-कौन सी हैं। आगामी टीएल बैठक में यह प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए कि इन शिकायतों की उन्होंने स्वयं समीक्षा की है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि यदि किसी शिकायत का लंबित रहना किसी आवंटन संबंधी कारण से है, तो उस शिकायत की साप्ताहिक जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी जाए।



### जर्जर स्कूल भवनों की शीघ्र मरम्मत के निर्देश

स्कूलों की जर्जर स्थिति को लेकर कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम आयुक्त एवं जिला शहरी विकास अभिकरण (डूडा) के प्रोजेक्ट ऑफिसर को निर्देशित किया कि ऐसे सभी स्कूल भवनों की शीघ्र मरम्मत करवाई जाए। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को 3 दिन में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया कि वर्तमान में किसी भी जर्जर भवन में कक्षाएं नहीं संचालित की जा रही हैं।

### यूरिया स्टॉक पर ली जानकारी

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने उप संचालक कृषि एवं जिला विपणन अधिकारी से जिले में यूरिया की उपलब्धता एवं स्टॉक की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को यूरिया की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

### हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष अभियान

शासन से प्राप्त निर्देशों के अंतर्गत हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष अभियान चलाने की योजना पर चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में लक्ष्य पूर्ति के निर्देश

जिला शिक्षा अधिकारी को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के लक्ष्यों की पूर्ति कम होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्टिकरण देने के निर्देश दिए तथा अभियान के अंतर्गत लगाए गए पौधों की ऑनलाइन एंट्री अनिवार्य रूप से करने को कहा।

### वन अधिकार दावों को लेकर दिए निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अधिक से अधिक सामुदायिक वन अधिकार दावे तैयार कर भेजें। उन्होंने कहा कि यदि हम ऐसे दावे नहीं भेजते, तो वास्तव में हम आदिवासी समुदायों के अधिकारों का हनन कर रहे हैं। शासन की मंशा है कि आदिवासियों को उनका अधिकार मिले, लेकिन उसका सही क्रियान्वयन हम नहीं कर पा रहे हैं।

### मोबाइल वेटरनरी यूनिट को एक्टिव रखने के निर्देश

जिला पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि मोबाइल वेटरनरी यूनिट पूरी तरह सक्रिय रहे और जब भी कोई कॉल आए, तत्काल सेवाएं दी जाएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए।

### स्कूलों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें अधिकारी

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्कूलों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने पिछले सप्ताह किन-किन अधिकारियों ने निरीक्षण किया, इसकी जानकारी भी बैठक में ली।

## बुधवार को शहर में प्रभावित होगी जल आपूर्ति

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर अमृत योजना अंतर्गत अंतर्गत ग्यारह एमएलडी डब्ल्यूटीपी पर आवश्यक कार्य किए जाने के कारण भी आवश्यक कार्य किया जाना है। जिससे नगर निगम के शनिचरा बाजार टंकी से लालबाग , चूनाभट्टा, डी नेमा वाली गली, गांधीगंज, नई आबादी, रेलवे स्टेशन के सामने वाला एरिया, गुलज़ार नगर, सिवनी रोड, नूरी टेंट वाली गली, सुकलु ढाना, सर्रा, इमलीखेड़ा चौक, इमली खेड़ा बस्ती, थूनियाभांड में दिनांक 30 जुलाई को जल आपूर्ति प्रभावित होगी।

## पीएम आवास योजना की द्वितीय सूची का प्रकाशन, दावा आपत्ति 11 अगस्त तक

**छिंदवाड़ा।** शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की डीपीआर तैयार करने का कार्य नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में निकाय द्वारा द्वितीय डीपीआर हेतु 311 हितग्राहियों का चयन आगामी हितलाभ हेतु किया गया था। इन हितग्राहियों के चयन उपरांत सूची वेबसाइट एवं निगम के सूचना पटल पर चस्पा की गई। जिसके दावा आपत्ति के लिए 15 दिवस का समय दिया गया है। उक्त सूची में जिन भी नागरिकों को आपत्ति हो वह 11 अगस्त 2025 को शाम 06 बजे तक अपनी आपत्ति निगम कार्यालय में दे सकता है।

## जिला एनएसयूआई ने सौंपा पुलिस को ज्ञापन

**रामाकोना।** क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे जुआ को लेकर जिला एनएसयूआई के द्वारा सोमवार को सौसर थाना प्रभारी को ज्ञापन सोपते हुए कार्रवाई करने की मांग की है।जिलाध्यक्ष जिम्मी टाकभवरे ने बताया किग्राम रामाकोना मे खुले आम अवैध रूप से लाखों का जुआ चल रहा है,और इस जुए में क्षेत्र के युवा किसान प्रभावित हो रहे है,जुएं के कारण किसानो के खेतो में और क्षेत्र मे चोरियां बढ़ रही है। शांत प्रिय माहौल खराब हो रहा है, हारे हुये लोग शराब पिकर अपने घरो मे लढाई झगडे, मारपिट कर रहे है, चोरियां कर रहे है। पुलिस ने ध्यान देकर जुआ पर कार्यवाही करनी चाहिए, अन्यथा एनएसयूआई के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय चलाया स्वच्छता अभियान




**छिंदवाड़ा।** शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में एनसीसी कैडेट्स ने 24 एमपी एनसीसी बटालियन छिंदवाड़ा के कमांडिंग ऑफिसर थॉमस ओमन के निर्देशन व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.पी.यादव एवं आइक्यूएसी प्रभारी डॉ.अजीत डेहरिया के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया। लेफ्टिनेंट रघुवीर उईके ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय परिसर में गाजर घास साफ किया गया और गार्डन से खरपतवारों को साफ किया गया जिसमे प्रमुख रूप से एनसीसी कैडेट्स मयूरी अवथरे,राजाराम बेलवंशी,आनंद कुमरे,शबनम चौधरी, दीपक पंद्राम, वैशाली उईके, पूजा चौरिया,ब्रिजेश उईके,वर्षा कुमरे , रीना सोनेवार एवं महाविद्यालय में नवीन भर्ती होने वाले कैडेट्स ने भाग लिया महाविद्यालय के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी व छात्र छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

# मां भारती के नारों से गूंज उठा सेन भवन



**दमुआ।** 26 वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में सेन समाज दमुआ द्वारा सेन भवन दमुआ में भारतीय सेना के पूर्व सैनिकों द्वारा कारगिल युद्ध के दौरान हुई घटनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बखान किया गया एवं मां भारती के शहीद वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात राष्ट्रगान से इस आयोजन का समापन किया गया इस सारे आयोजन की अध्यक्षता भूतपूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष श्री दीपक कुमार बंदेवार जी के द्वारा की गई इस आयोजन में उपस्थित सेन समाज दमुआ के सभी नवयुवक एवं वरिष्ठ जन एवं दमुआ नगर के गणमान्य नागरिकों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ सेन समाज दमुआ हृदय से हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते है और आशा करते है कि भविष्य में भी इस प्रकार सहयोग प्राप्त होता रहेगा ।

# वनविभाग ने जब्त किया सागौन से भरा ट्रक

## हर्रई क्षेत्र का मामला, वनविभाग ने 70 हजार से ऊपर की सागौन तस्करी पर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मुख्य वन संरक्षक वनमंडलाधिकारी पूर्व छिंदवाड़ा सा. एवं उपवनमंडल अधिकारी अमरवाडा के निर्देश अनुसार वन परिक्षेत्र पश्चिम हर्रई सा. अंतर्गत रात्रि कालीन गश्ती के दौरान सागौन से भरा ट्रक पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

सोमवार को प्रातः कालीन 1 नग ट्रक वाहन क्रमांक MH40 CD 7233 को हर्रई बुढैना पी.डब्ल्यू.डी. मार्ग से फरार वाहन को पीछा करते हुए वन परिक्षेत्र अमरवाड़ा सा. के वन कर्मचारियों के सहयोग से घेराबंदी कर हर्रई छिंदवाडा मार्ग एन.एच.547 साई मंदिर के पास ग्राम जमुनिया में प्रातः लगभग 6:00 AM पर अवैध इमारती काष्ठ सागौन लट्ठा 5 नग 0.752 घ.मी. मय लोड वाहन क्रमांक MH40 CD 7233 को जप्ती कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 119/14 सोमवार को बीट प्रभारी राकेश मिश्रा वनरक्षक बीट प्रभारी सौंधनी बीट के द्वारा जप्त की गई वनोपज की अनुमानित कीमत 70556 रूपये आंकी गई।

## सांसद ने वीरेन्द्र सतीजा के आकस्मित निधन पर जताया दुःख

**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं उद्योगपति वीरेन्द्र सतीजा के आकस्मित निधन पर सांसद बंटी विवेक साहू ने दुःख व्यक्त किया है। उन्होने दिल्ली प्रवास के दौरान मोबाईल के माध्यम से परिजनों से बात करते हुए वीरेन्द्र सतीजा के आकस्मित निधन पर दुःख जताया है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे वीरेन्द्र सतीजा को अपने श्री चरणों में स्थान देते हुए उन्हें मोक्ष प्रदान करें। सांसद श्री साहू ने कहा कि वीरेन्द्र सतीजा का असमय जाना समाज और छिन्दवाड़ा के लिए एक अपूर्णिय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि वे उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवार को यह असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दे।

# राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला महा सचिव बने मनीष

## भुजेंद्र शर्मा चौरई तहसील अध्यक्ष, बबुआ कश्यप दमुआ, बाबा ठाकुर तामिया के अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा







राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानन्द तिवारी एवं राष्ट्रीय सयोजक नलिनकांत वाजपेयी की अनुमति, मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक एवं प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया की सहमति एवं छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष विनोद जी की अनुसंसा पर जबलपुर संभाग के अध्यक्ष पंडित चंद्रशेखर शर्मा ने छिंदवाड़ा के वरिष्ठ पत्रकार मनीष गडकरी को जिला का महासचिव नियुक्त किया।

वरिष्ठ पत्रकार मनीष गडकरी को तत्काल प्रभाव से जिला महासचिव नियुक्त किया। वही श्रमजीवी पत्रकार परिषद छिंदवाड़ा की प्रमुख तहसीलो चौरई मैं अध्यक्ष पद हेतु भुजेंद्र शर्मा, तहसील दमुआ से अध्यक्ष सुरेश बबुआ कश्यप एवं तहसील तामिया से बाबा ठाकुर को तहसील अध्यक्ष पद पर पद पर नियुक्त किया जाता है।

जिला महासचिव एवं तहसील अध्यक्ष जैसे महत्व पूर्ण पद पर नियुक्ति पर सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया। राष्ट्रीय संयोजक नलिन कांत बाजपेयी राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव रजत गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव देव शंकर अवस्थी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनीश तिवारी, राष्ट्रीय प्रवक्ता गंगाचरण मिश्रा, रीवा संभागीय अध्यक्ष एवं अनुशासन समिति के प्रदेश प्रमुख केएस शर्मा बबला भैया,प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश मुख्य महासचिव विलोक पाठक, जबलपुर संभागीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य हेमराज कनोजिया, छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष श्री विनोद चोरिया, जबलपुर जिलाध्यक्ष सिमरन सिंह शुक्ला, प्रदेश सचिव संतराम केवरे सहित सभी संभागीय प्रदेश के पदाधिकारीयों ने राकेश जी ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और आशा जाताई कि उनके नेतृत्व में छिंदवाड़ा के साथ साथ जबलपुर संभाग में संगठन हित में अनेक सफल कार्यक्रमों की श्रृंखला अनवरत चलाएंगे।

## तत्कालीन सचिव पर हो सकती है कार्यवाही, पेड़ रोंदने, फैंसिग उखाड़े जाने का मामला
# बीआरसी कार्यालय से चला पत्र पंचायत से हुआ गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



जनपद मुख्यालय की ग्राम पंचायत. तामिया जिसका डोब ग्राम पंचायत सचिव को अतिरिक्त प्रभार जिला पंचायत ने भ्रष्टाचार एवं अनियमिता पंचायती राज अधिनियम के विरुद्ध काम करने जिस भरोसे से सोपा गया था उसे पर वो खरे उतरे और उन्होंने ग्राम पंचायत को अपनी निजी कंपनी की तरह संचालित किया। जिसमें हर निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार एवं फर्जी बिल के माध्यम से शासकीय धन की लूट मचाई साथ ही अनावश्यक रूप से निर्माण कर जो जनहित में नहीं उन्हें भी स्वीकृत करवाया, उसमें बीआरसी के नाम पर प्रशिक्षण केंद्र के पीछे रिटर्निंग बाल 30 लाख की बनवाई उसमें जमकर भ्रष्टाचार तो किया, साथ ही एनजीटी का उल्लंघन पर्यावरण को हानि कार्यालय परिसर में पहुंचाई साथ ही परिसर में इनकी जेसीबी,फ्यूरी मशीन से कीचड़ मच गया। इन सारी अनियमितताओं पर अधिकारियों ने हमेशा सचिव की गलती पर पर्दा डाला। इसी प्रशिक्षण केंद्र के पीछे सागौन के पौधे वृक्षारोपण के तहत रोपे गए थे जो अब पेड़ बनने की शक्ल अख्तियार कर रहे थे। इन्हें भी सचिव ने चंद रूपए बचाने के चक्कर में फ्यूरी मशीन से कांक्रीट करने के चक्कर में रौंद डाला। इसे इनका दुस्साहस ही कहा जाए। इन्होंने फेंसिंग जाली खंबे तोड़ने में भी संकोच नहीं किया। बीआरसी तामिया ने मुख्य कार्यपान अधिकारी एवं पंचायत कार्यालय को पत्र फेंसिंग तोड़ने एवं पौधों को नष्ट करने संबंधित लिखा, लेकिन सबसे अचरज वाली यह सामने आई है कि बीआरसी कार्यालय से पत्र क्रमांक 881 /21 जुलाई 25 को भेजा गया था, लेकिन पावती देने के बाद भी यह पत्र सचिव तक नहीं पहुंचा। इस तरह बीआरसी कार्यालय से चला यह पत्र लापता हो गया। जबकि डोब सचिव को कार्य मुक्त किया जा चुका है। बावजूद उनका हस्तक्षेप इस पंचायत से समाप्त नहीं हुआ। पत्र का गायब होना उनके दखल का इस पंचायत में सीधा सबूत है कि वरिष्ठ कार्यालय का पत्र भी लापता होना इन दिनों चर्चा का विषय बन गया है। तत्कालीन सचिव पर अब तो कार्रवाई की घड़ी आन पड़ी है कि वह वरिष्ठ अधिकारियों के पत्रों को भी भ्रष्टाचार की नजर से जो देख रहे हैं।

### इनका कहना है

जब इस संबंध में नव नियुक्त सचिव से चर्चा की गई तो उन्होंने बतलाया कि मुझे अभी तक पंचायत कार्यालय में बीआरसी कार्यालय से आए पत्र के बारे में किसी ने कर्मचारी ने अब तक जानकारी नहीं दी है।

जगतशा तेकाम
सचिव ग्राम पंचायत तामिया

## आंगनवाड़ी भवन में लग रही पहली से पांचवी तक की क्लास, शिक्षक और अधिकारी कर रहे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़

# प्राथमिक स्कूल देहगांव खुर्द की बिल्डिंग हुई जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया




छिंदवाड़ा जिले की जुन्नारदेव विधानसभा के तामिया विकासखंड अंतर्गत आने वाले चावलपानी के ग्राम देहगांव खुर्द में प्राथमिक शाला की बिल्डिंग पूरी तरीके से जर्जर हो चुकी है और बारिश के दिनों में अब स्कूल आंगनबाड़ी भवन में लग रहा है शिक्षक का कहना है कि स्कूल बिल्डिंग नहीं होने के कारण स्कूल आंगनबाड़ी भवन में लग रहा है जहां एक कमरा है और इसमें पहले से लेकर पांचवी तक की क्लास लगाई जा रही हैं स्कूल में कोई व्यवस्था नहीं है खेलने का मैदान नहीं है पीने के लिए पानी नहीं है जिसकी वजह से ग्रामीणों में आक्रोशव्याप्त है, शिक्षक ने बताया कि हमने कई बार जनप्रतिनिधि और अधिकारियों से जर्जर स्कूल जानकारी दी हे लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया है ग्रामीणों ने बताया कि जनप्रतिनिधि अधिकारी आते हैं और चले जाते हैं लेकिन हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं देते हैं और हमारे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है हमारी स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि हम हमारे बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ सकें सरकारी स्कूलों के भरोसे रहना पड़ता है।

## शिक्षा का मंदिर बदहाली के आँसू बहा रहा, बारिश में प्लास्टिक के सहारे चल रही पढ़ाई

अमरवाड़ा विधानसभा के तामिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम आमाढाना में प्राथमिक स्कूल आमाढाना का भवन आज शिक्षा व्यवस्था की दयनीय तस्वीर पेश कर रहा है। भ्रष्टाचार की उपेक्षा का शिकार यह विद्यालय भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है, जहाँ बच्चों को पढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मौजूदा स्थिति इतनी विकट है कि बारिश के मौसम में छत से टपकते पानी को रोकने के लिए प्लास्टिक (पॉलीथीन) का सहारा लेना पड़ रहा है। दीवारों पर जमी काई और सीलन स्पष्ट रूप से भवन की कमजोर स्थिति और असुरक्षा को दर्शाती है। यह दृश्य न केवल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है, बल्कि उनके सीखने के वातावरण को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। ऐसे असुरक्षित और अव्यवस्थित माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना लगभग असंभव है। यह स्थिति सरकारी स्कूलों की आधारभूत संरचना पर गंभीर सवाल खड़े करती है। एक ओर सरकार शिक्षा की गुणवत्ता की बात करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत यह है कि बच्चों को ऐसे भवनों में पढ़ने को मजबूर होना पड़ रहा है, जो कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। संकुल स्तर पर भवनों के रखरखाव और मरम्मत की जिम्मेदारी की उपेक्षा साफ दिखाई देती है।



ग्राम आमाढाना के अभिभावकों और स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन को इस ओर तत्काल ध्यान देना चाहिए। बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने और उन्हें उचित शैक्षिक वातावरण प्रदान करने के लिए जर्जर भवन की तत्काल मरम्मत या नए भवन का निर्माण आवश्यक है, ताकि शिक्षा का यह मंदिर अपनी बेगुनाही के आँसू बहाने के बजाय ज्ञान का प्रकाश फैला सके।

## श्रीमद्भगवद गीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर किया तर्पण



**छिंदवाड़ा।** सन्त शिरोमणि माता कर्मा जी की प्रेरणा से एव राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के शाहवाल और राष्ट्रीय संरक्षक नमो नमो मोर्चा भारत के पुरुषोत्तम गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा ट्रस्ट द्वारा श्री नारायण साहू पिता लगडू साहू का 22 जुलाई को परलोक गमन हो गया। उनके मोक्ष हेतु श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर पुण्य अर्पण कर विधिवत तर्पण किया। इस अवसर पर समाज के जिलाध्यक्ष भगवानदीन साहू ने बताया कि जिन व्यक्ति का शरीर छूट जाता है उनके लिए तीसरा, तेरहवीं, गंगापूजन का विधान है। किसी कारणवश यह सब ना कर पाएं तो गीता पाठ कर पुण्य अर्पण करने से भी मोक्ष की प्राप्ति होती है ; ऐसा शास्त्रों में वर्णन आता हैं। गंगा पूजन के साथ गीता पाठ भी कर सकतें हैं। श्री नारायण साहू बहुत ही हँसमुख, मिलनसार और बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे मूलतः बोरदेही के निवासी थे। उनका पूरा परिवार इसी शहर में निवासरत है। 5 भाई और 3 पुत्र की शहर में अपनी एक अलग पहचान है। इन सब को नई दिशा देने में श्री नारायण साहू का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संदीप साहू वर्षा साहू, सन्तोष सारिका साहू, संजय शिम्पी साहू, सतीश साहू, मनीराम निर्मिला साहु, रमेश साहू, महेश साहू, दिनेश साहू, गुरुदयाल साहू, सुरेश साहू, वेदांत, आणिका नमन, समृद्धि साहू, ओमी साहू, दिलीप साहू, ( हरि ओम होजरी ) राधेश्याम साहु सेवा निवृत्त स्टेशन मास्टर आर. आर. सिंह, गुड्डू मंडल, वरिष्ठ पत्रकार विनोद सूर्यवंशी भोपाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सड़कों पर मार्किंग करने, पार्किंग व्यवस्थित करने, साईन बोर्ड लगाने, विजिबिलिटी बढ़ाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा




कलेक्टर सभाकक्ष में आज जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें पूर्व इस विषय पर हुई बैठकों में जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन के वर्तमान स्टेटस पर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान पता चला कि मोही घाट में एनएच द्वारा जो छोटे मोटे अस्थाई सुधार किए गए वे पर्याप्त नहीं है। अतएव इस स्थान पर संरचना में सुधार के स्थायी काम किए जाने की अनुशंसा की गई।

जिले में सडक सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढाने हेत नगरपालिकाओं, पंचायतों तथा शिक्षा संस्थाओं को शामिल कराने पर जोर दिया गया। नगरपालिकाओं एवं परिषदों को आवश्यक रोड मार्किंग कर बाजारों की भीड एवं पार्किंग को व्यवस्थित करने हिदायत दी गई। दुर्घटनाओं को देखते हुए रोड की विजिबिलीटी बढाने हेतु टर्निंग्स में साइन बोर्ड लगाने एवं पेडों में ट्री प्लेट लगाने के लिए संबंधित एजेंसियों को कहा गया। बैठक में दुपहिया वाहनों में हेल्मेट एवं चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट अनिवार्य करने तथा वाहनों की कडाई जांच के लिए कहा गया। आज की बैठक में कलेक्टर अजय देव शर्मा, पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश, यातायात परिवहन अधिकारी अनुराग, तहसीलदार विनय ठाकुर, रा. नि. यातायात कंट्रोल प्रभारी आकांक्षा सहारे, पीडब्ल्यूडी एसडीओ शुभांशु चौरसिया और अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने ब्रिज एवं शाला के संबंध में विधानसभा में पूछे 3 सवाल, अगस्त में मिलेगा जवाब

**पांढुर्ना।** गत दिवस स्थानीय विधायक निलेश उईके ने म.प्र. विधानसभा में पांढुर्ना विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सरकार के सामने सवाल उठाए। विधायक महोदय ने पांढुर्ना क्षेत्र की जनसमस्याओं को देखते हुए प्रमुख सचिव से पांढुर्ना अमरावती रोड पर स्थित रेलवे ओवरब्रीज के बारे में प्रश्न किया। इन्होंने लिखा कि इस ब्रीज को तकनीकी स्वीकृति मिले 2 वर्ष बीत चुके है लेकिन शासन ने अब तक प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान नहीं की है। विधायक निलेश उईके ने सवाल किया है कि शासन कब तक प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर इस ब्रिज का निर्माण करेगा। इस सवाल का जवाब आगामी 31 जुलाई को प्राप्त होना है। दूसरे सवाल में विधायक ने प्रमुख सचिव से क्षेत्र में एकलव्य आदर्श विद्यालय शुरू करने हेतु विधायक के पत्र पर अब तक क्या कारवाई हुई ? नहीं हुई है तो कब तक कारवाई की जाएगी ? यह सवाल पूछे है। उल्लेखित क्षेत्र में एकलव्य विद्यालय प्रांरभ करने शासन की योजना है क्या ? ग्राम मैनीखापा में कन्या छात्रावास खोलने के लिए शासन शासन के पास कोई प्रस्ताव लंबित है या नहीं ? इस सवाल का जवाब 1 अगस्त को प्राप्त होना है। प्रदेश के उच्चशिक्षा मंत्री से विधायक निलेश उईके ने सवाल किया है कि जनजातीय बाहुल्य ग्राम पाठई में महाविद्यालय शुरू कराने को लेकर विधायक महोदय का पत्र शासन को प्राप्त हुआ है या नही ? हां तो इस पर कब कारवाई की जाएगी। इसके अलावा प्रदेशभर के महाविद्यालयों में स्वीकृत पदों के विरूद्ध कितने पद रिक्त होने की जानकारी चाही गई है। इन पदों पर भर्ती कब की जाएगी ? यह महत्वपूर्ण सवाल विधायक निलेश उईके ने उठाया है। इस सवाल का जवाब 4 अगस्त को मिलेगा।



## महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



नगर के बूटारिया में पूर्व पार्षद सरोज यदुवंशी के निवास पर हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। सभी मात्रशक्तियों ने हरी साड़ी पहन कर, मेहंदी, माहौर, हरि बिन्दी लगा कर सुन्दर आभूषण पहन कर अपना प्रदर्शन किया। गीत भजन गाए, कहानी, जोक्स से कार्यक्रम में चार चाँद लग गए। संगीतमय नृत्य के साथ सावन का झूला झूला गया। हरयाली तीज की पूजा की गई। कार्यक्रम में सरोज यदुवंशी, गीता यदुवंशी, मीना यदुवंशी, संगीता यदुवंशी, कीर्ति बुनकर, मंजू यदुवंशी, काजल यदुवंशी, रत्ना यदुवंशी, रजनी यदुवंशी एवं नगर की मात्रशक्तियां उपस्थित थीं।

### 24 विद्यार्थियों को बांटी साइकिलें

**परासिया।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रावनवाड़ा में साइकिल वितरण किया गया। 24 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण की गई। यह साईकल वितरण विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता छगनलाल साहू की विशेष उपस्तिथि में किया गया। वितरण कार्यक्रम में सरपंच अरुण नावेद, पूर्व सरपंच ज्योति साहू, पूर्व उपसरपंच बेनी सूर्यवंशी व विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षक गण उपस्थित रहे।



## नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन नीमा का द्वितीय वार्षिकोत्सव संपन्न

वारासिवनी।




नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन नीमा बालाघाट की स्थापना के 2 वर्ष पूर्ण होने पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे बालाघाट जिले के नीमा सदस्य सपरिवार शामिल हुए।

कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान धन्वंतरी के छाया चित्र का पूजन कर किया गया। तत्पश्चात जिले के वरिष्ठतम आयुर्वेद चिकित्सकों का पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डॉ नीरज अरोरा ने विगत 2 वर्षों की गतिविधियों के साथ आगामी योजना से अवगत कराया। इसके बाद ऑर्केस्ट्रा का आनंद लेते हुए सभी ने स्वादिष्ट भोज का लुत्फ उठाया। एसोसिएशन के सचिव डॉ वागीश राहंगडाले ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी डॉक्टर्स एवं उनके परिवार का आभार व्यक्त किया।

इस आयोजन में डॉ टी एस पवार, डॉ श्याम रंगलानी, डॉ जयश्री अरोरा, डॉ राजेश उपवंशी, डॉ गिरेंद्र पवार, डॉ निलेश शिवहरे, डॉ शालीन अमूले, डॉ विशाल असाटी, डॉ माधुरी पवार, डॉ समीर सुनेरी, डॉ दीपांक रामटेककर, डॉ राजू चौधरी, डॉ ओमप्रकाश गोपाले, डॉ गौरव पारधी, डॉ युक्तिमा पारधी, डॉ रूपाली शरणागत, डॉ दीपिका, डॉ अर्चना गुप्ता, डॉ खेमलता राहंगडाले, डॉ प्रीति नगपुरे, डॉ सुनील बिसेन, डॉ राकेश ठाकरे, डॉ आलोक भारती, डॉ पंकज मेश्राम, डॉ सत्येंद्र विश्वकर्मा, डॉ नीरज चौधरी, डॉ चंद्रप्रकाश भूरे, डॉ मोहित पटले, डॉ धनेंद्र पटले, डॉ विकास नगपुरे, डॉ गौरव पुरी, डॉ रूपांकी बिसेन, डॉ वैशाली ठाकुर आदि ने शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## श्रद्धालुओं ने निकाली कांवड़ यात्रा

# नगर भ्रमण के बाद लॉजी कोटेश्वर धाम के लिए हुई रवाना





### नगर भाजपा ने श्रद्धालुओं को भेंट किए फल व पेयजल

**वारासिवनी।** सावन माह में पूरे क्षेत्र में धर्म कार्य जोरों से चल रहे है। नगर व क्षेत्र के शिव मंदिरों, हनुमान मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा हैं। इसके साथ ही विभिन्न दिनों में कलश यात्रा व कावड़ यात्रा का आयोजन भी श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा हैं। विभिन्न मंदिरों में सुंदर कांड, रामायण पाठ, भजन, कीर्तन आदि का आयोजन प्रतिदिन हो रहा हैं।इसी कड़ी में रविवार को ऑटो यूनियन के तत्वावधान में वार्ड नंबर 4 में स्थित शिव मंदिर से विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। यह विशाल कावड़ यात्रा शिव मंदिर से निकल कर दीनदयाल चौक, नेहरु चौक, आंबेडकर चौक, गोलीबारी चौक से होते हुए वापस शिव मंदिर होकर बालाघाट जिले के लॉजी में स्थित कोटेश्वर धाम के लिए रवाना हुई। यह कावड़ यात्रा लॉजी पहुँच कर कोटेश्वर धाम में भगवान शिव का अभिषेक करेगी। इस पावन कांवड़ यात्रा में सैकड़ों शिव भक्त शामिल हुए। इन शिव भक्तों का महाराष्ट्र बैंक के सामने भाजपा नगर मंडल वारासिवनी द्वारा शुद्ध पेयजल एवं फल भेंट कर स्वागत किया गया। इस कावड़ यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में शामिल श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के जयकारे का उद्घोष किया इस पावन अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, महामंत्री सुनील पिपरेवार, पूर्व पार्षद मनोज दांदरे, पूर्व पार्षद रामकली टेकाम, मयंक मिश्रा, हर्षित रेड्डी, मिथिलेश बुरडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मे आई हेल्प यू डेस्क के संचालन के लिए पेंशनर्स एसोसियेशन ने 4 सदस्यों को किया मनोनीत

मध्यप्रदेश विद्युत मंडल ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए गठित किया हैं मे आई हेल्प यू डेस्क

वारासिवनी।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर संभाग द्वारा कंपनी के कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति उपरांत उनकी पेंशन एवं मृत्यु उपरांत परिवारजनों को पेंशन एवं अन्य लाभों को मिलने में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने के लिए मे आई हेल्प यू डेस्क का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सभी समस्याओं का निराकरण निःशुल्क किया जायेगा।

इस मे आई हेल्प यू डेस्क का गठन मुख्य अभियंताओं एवं उनके अधीनस्थ मैदानी कार्यालयों क्षेत्रीय स्तर/वृत्तीय स्तर, लेखा अधिकारी कार्यालय स्तर पर किया गया हैं। इस डेस्क के संचालन में निःशुल्क सहायता या मार्गदर्शन के संबंध में सेवानिवृत्त कार्मिकों को भी शामिल किया गया हैं।

बालाघाट जिले के विद्युत मंडल कार्यालय में मे आई हेल्प यू डेस्क के लिए सेवानिवृत्त 4 सदस्यों को मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसियेशन बालाघाट द्वारा मनोनीत किया गया हैं। जिसमें के एल गौतम सेवानिवृत्त सहायक अभियंता वृत्त कार्यालय बालाघाट, आर के शर्मा सेवानिवृत्त अतिरिक्त कार्यालय सहायक संभागीय कार्यालया वारासिवनी, यशवंतराव पिपलेवार सेवानिवृत्त अतिरिक्त कार्यालय सहायक संभागीय कार्यालय बालाघाट एवं देवलाल पटले सेवानिवृत्त लाईनमेन संभागीय कार्यालय बैहर को मनोनीत किया गया हैं।

संगठन ने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल बालाघाट के अधिकारियों से अपेक्षा की हैं कि वह इन सभी अधिकारियों का सहयोग लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को समय सीमा में अतिशीघ्र हल करवाने का प्रयास करेगें।

## ड्रीम वूमेन्स फाउंडेशन ने हमारे वीर देश की शान, हमारी मीडिया समाज की पहचान कार्यक्रम का किया आयोजन

### सेवानिवृत्त सैनिकों, पुलिसकर्मी व मीडियाकर्मियों का किया गया सम्मान

### सेना के पराक्रम पर शानदार नाटक की दी प्रस्तुति

वारासिवनी।





नगर की मातृशक्तियों की संस्था ड्रीम वूमेन्स फाउंडेशन वारासिवनी द्वारा सेवानिवृत्त सैनिकों, मीडियाकर्मियों व पुलिस कर्मियों का सम्मान करने के लिए हमारे वीर देश की शान, हमारी मीडिया समाज की पहचान कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर और माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर संस्था की मातृशक्तियों द्वारा शहीदों के नाम भारतीय सेना के पराक्रम पर एक शानदार नाटक की प्रस्तुति दी। जिसमें उनके द्वारा सीमा पर हुए हमले की पृष्ठभूमि पर नाटक पेश किया गया। जिसकी उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने प्रशंसा की।

**इन्हें किया गया सम्मानित**

इस मौके पर फाउंडेशन की मातृ शक्तियों द्वारा सेवानिवृत्त सैनिकों सुरेंद्र बिसेन, बालचंद आड़े, बसंत कटरे, कमलेश राहंगडाले, ओम प्रकाश बिसेन, प्रकाश बिसेन, पंकज ठाकरे, सुनील राहंगडाले, जितेंद्र पटले, गुंजन शर्मा, अब्दुल इरफान शेख, डगन बिसेन, अशोक मेश्राम, चंद्रप्रकाश टेंभरे, पुलिस कर्मियों में वारासिवनी थाना प्रभारी हेमंत नायक एवं मीडिया कर्मियों में आनंद ताम्रकार, गणेश सिंह ठाकुर, अशफाक खान, कैलाश कसार का सम्मान शाल, श्रीफल एवं शील्ड भेंट कर किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी हेमंत नायक ने संस्था द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की एवं उन्हें कभी भी किसी भी कार्य में सहयोग करने का आश्वासन दिया।

**धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का करते हैं आयोजन**

कार्यक्रम में संस्था की मातृ शक्ति श्रुति पालीवाल ने बताया कि आज यदि हमारा परिवार, प्रदेश व देश सुरक्षित हैं, तो उसका सर्वाधिक योगदान सीमा पर हमारी रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले वीर जवान हैं। जो हर कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी सीमा पर रहकर देश की सीमाओं के साथ ही देशवासियों की भी रक्षा करते हैं। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था का गठन वर्ष 2018 में किया गया था, आज हम 2025 तक का सफर तय कर रही हैं। हमने ठंड में कंबल दान, शासकीय चिकित्सालय में बेड, ऑक्सीजन मशीन, नवरात्र में माता रानी का श्रृंगार, प्रयागराज कुंभ मेले में एक थैला, एक थाली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया हैं। हमारी समिति में लगभग 30 महिला हैं।



**सैनिक देश की शान, पुलिस जनता की रक्षक व मीडिया समाज की समस्याओं से रुबरु कराने में अव्वल**

संस्था अध्यक्ष वर्षा सोनी ने सभी का आभार प्रदर्शन करते हुई कहा कि हमारे सैनिक हमारे देश की शान हैं, जिसकी बदौलत हम चैन की नींद सोते हैं। हमारे पुलिसकर्मी हमेशा जनता की रक्षा में लगे रहते हैं और हमारे मीडिया बंधु हमेशा जनता की समस्याओं को मीडिया के माध्यम से सामने लाते रहते हैं। इसलिए आज हमने उनका सम्मान किया। हम सभी सेवानिवृत्त सैनिक, वीर जवानों का परिवार, पुलिसकर्मी, मीडिया बंधुओं का आभार व्यक्त करते हैं।

**यह रहे उपस्थित**

इस अवसर पर ड्रीम वूमेंस फाउंडेशन की मातृ शक्ति वर्षा सोनी अध्यक्ष, भावना अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, सविता सोनी, भारती आड़े, ममता बंसोड़, श्रुति पालेवार, यामिनी हरिनखेड़े, संध्या राणा, मीनाक्षी ठाकरे, राखी खंडेलवाल, रेखा ठाकुर, मनीषा सरोदे, निक्की आजाद, कुसुम नगपुरे, कामिनी बिसेन, मालती सोनी, अनुजा श्रीवास्तव, आदिती गौतम, शुक्ला मैडम, संजू पटले, साधना पटले, दीपा के अलावा नगरपालिका परिषद वारासिवनी की पूर्व अध्यक्ष स्मिता जायसवाल, राकेश सोनी, संतोष आड़े, संजय रुसिया, प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नौबद सनोडिया बने मण्डी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष

**सिवनी।** मप्र मण्डी बोर्ड ने सिवनी के नौबद सनोडिया को मण्डी कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति की सूचना मिलते ही मण्डी कार्यालय सहित जिले की मंडियों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्हें लगातार बधाइयाँ प्राप्त होने लगीं। नियुक्ति की सूचना के बाद श्री सनोडिया ने मण्डी परिसर स्थित हनुमान मंदिर पहुँचकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर कर्मचारी कांग्रेस के जिला संरक्षक अरुण सैनी, मण्डी सचिव प्रकाश मार्को, मण्डी कर्मचारी संघ के पूर्व उपाध्यक्ष कमलेश दत्त दुबे एवं अनेक कर्मचारीगण उपस्थित रहे। पुष्पमालाओं से सभी ने श्री सनोडिया का स्वागत किया। अपने स्वागत समारोह में नौबद सनोडिया ने कहा कि वे सभी मण्डियों की आय एवं आवक बढ़ाने, कर्मचारियों की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण, और हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। श्री अरुण सैनी ने भी आश्वस्त किया कि श्री सनोडिया सकारात्मक दृष्टिकोण से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री सनोडिया वर्ष 1993 से कर्मचारी आंदोलनों में सक्रिय रहे हैं। वे पूर्व में म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस के जिला महामंत्री, तहसील अध्यक्ष सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।

### देश के जवानों के लिए राखी भेजना चाहिए- भावसागर महाराज

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 27जुलाई 2025 को प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाएं की गई, इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भाव सागर जी महाराज ने कहा कि धार्मिक कार्यों में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से कार्य करें जिससे युवा लोग भी धर्म से जुड़े रहें पाठशाला भी डिजिटल होना चाहिए गौशाला मंदिर में सहयोग करने वालों का सम्मान जरूर करना चाहिए जिससे आगे परंपरा बनी रहे जो देश की रक्षा करते हैं ऐसे जवानों के लिए राखी भेजना चाहिए जिससे उनका उत्साह बड़े और वह देश की रक्षा करने के लिए हमेशा तत्पर रहे उनके लिए राखी के साथ आवश्यक सामग्री भी जरूर भेजें, ऐसी संतान होना चाहिए जो हमेशा धार्मिक क्रियाओं में आगे रहे।

### पटवारी संघ के निर्वाचन में तहसील कुरई से निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष

निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत मध्य प्रदेश पटवारी संघ तहसील कुरई के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस अवसर पर अनिल धुर्वे पिता साबूलाल धुर्वे निवासी सिवनी को निर्विरोध रूप से तहसील कुरई का पटवारी संघ अध्यक्ष चुना गया। निर्वाचन की यह प्रक्रिया मध्यप्रदेश पटवारी संघ सिवनी द्वारा गठित समिति की देखरेख में संपन्न हुई, जिसमें संघ के संविधान के अनुरूप अनिल धुर्वे को तीन वर्षों की अवधि के लिए अध्यक्ष पद हेतु चुना गया। निर्वाचन उपरांत सम्मान समारोह का आयोजन निर्वाचन परिणामों की घोषणा के पश्चात तहसील कार्यालय कुरई में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष सुदेश ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष रामदास कुमरे, किशोर शर्मा, राजीव सनोडिया, मनु प्रताप सिंह, सुखदेव कुमरे सहित तहसील कुरई के समस्त पटवारी उपस्थित रहे।

### नागपंचमी पूजन कार्यक्रम 29 को

**सिवनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नागपंचमी पूजन का कार्यक्रम दिनांक 29 जुलाई 2025 मंगलवार को दोप. 12 बजे से स्थान अंजनी किशोर व्यायाम शाला समिति बाघ देव बंजारी, बरघाट रोड, सिवनी (म.प्र.) रखा गया है।जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

# सैकड़ों वर्ष पुराना है सिवनी का मठ मंदिर

सिवनी जिला मुख्यालय में स्थित प्राचीन मठ मंदिर, न सिर्फ आस्था की दृष्टि से, बल्कि ऐतिहासिक रूप से भी काफी महत्व रखता है। इस मंदिर के निर्माण के बारे में कई आस्थाएं प्रचलित हैं। कुछ लोग इसे कलचुरी काल का मानते हैं तो कई लोग इसे गोंड शासकों से जोड़ते हैं तो वहीं कुछ का कहना है कि मठ मंदिर का निर्माण आदि शंकराचार्य के द्वारा किया गया था तो इस मत के मानने वालों की संख्या भी कम नहीं है, जो कहते हैं कि मंदिर शंकराचार्य के काल से भी प्राचीन है।



वर्तमान में मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है। यह मठमंदिर काफी प्राचीन है। स्थानीय लोग बताते हैं कि इस मठ में स्थित शिवलिंग की पूजा आदि शंकराचार्य ने भी की थी। चारों पीठों के शंकराचार्य भ्रमण कर इस पवित्र भूमि को पावन कर चुके हैं। वर्तमान में जगदगुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती लगातार इस पीठ में भ्रमण करते रहे हैं। इतिहास को लेकर है मतभेद मठमंदिर के इतिहास को लेकर कोई विशिष्ट मत प्रचलित नहीं है।' कल आज और कल' शीर्षक की पुस्तक में मठ मंदिर का निर्माण कलचुरी कालीन बताया जाता रहा है। सन 1180 के आसपास एक ओर चंदेल और दूसरी ओर मालवा के पवार तथा घर के भीतर गोंड शासकों ने उथल-पुथल मचा दी। कलचुरी काल महाकौशल में 1000 से 1180 तक रहा है। कलचुरी शैव मत के अनुयायी थे। उन्होंने जबलपुर, नरसिंहपुर और बालाघाट में विशाल मठ स्थापित किए थे। उनके प्रत्येक लेख ॐ नमः शिवाय से शुरू होते थे आज भी इस मंदिर को लेकर लोगों की आस्था काम नहीं हुई है प्रतिदिन सैकड़ो भक्तगण इस मंदिर में आतेहैं और और भगवान शिव से अपनी मनोकामनाओं के लिए प्रार्थना करते हैं प्रतिवर्ष सावन माह में यहां पर एक माह अखंड रामायण मानस पाठ का आयोजन किया जाता हैs

## कारगिल विजय दिवस समारोह सम्पन्न

सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में भारतीय सेवा की गौरवशाली विजय के उपलक्ष में प्रतिवर्ष 26 जुलाई को आयोजित होने वाले कारगिल विजय दिवस समारोह सानंद संपन्न हुआ द्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सिवनी जिला कोतवाली के थाना प्रभारी श्री किशोर बामनकर एवं बीएसएफ से सेवा निवृत्त हुए श्री कर्ण सिंह ठाकुर जी मंचासीन रहे द्य इसके साथ-साथ विद्या भारती महा कौशल प्रांत जिला सिवनी के जिला सचिव श्री विनीत जी अग्रवाल, प्राचार्य श्री ओम प्रकाश यादव भी मंचासीन रहे द्य आयोजन का शुभारंभ मां वीणा वादिनी के समक्ष दीपक प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ द्य तत्पश्चात कारगिल विजय के शहीदों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलंकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई द्य मंचासीन आतिथियों का तिलक चंदन बंदन एवं स्मृति चिन्ह से स्वागत एवं परिचय श्री प्रकाश गुप्ता एवं अर्जुन सिंह बघेल ने किया द्य भावपूर्ण देशभक्ति गीत कार्यक्रम संचालिका श्रीमती मनीष तिवारी ने प्रस्तुत किया द्य कारगिल युद्ध में शहादत प्राप्त करने वाले वीर सैनिकों का स्मरण करते हुए मुख्य अतिथि श्री किशोर बामनकर टीआई थाना कोतवाली सिवनी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके शौर्य और साहस का भावपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया द्य उन्होंने बताया की किस तरह कायरता पूर्वक रातों-रात पाकिस्तान ने कारगिल पर हमला किया किंतु हमारे जवानों ने अत्यंत साहसपूर्वक उन्हें भागने पर मजबूर कर दिया और एक महान विजय हासिल की द्य आयोजन को बीएसएफ से सेवानिवृत श्री करण सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया द्यअंत में आभार प्रदर्शन जिला सचिव श्री विनीत जी अग्रवाल ने किया द्य कारगिल विजय दिवस के इस गरिमामय आयोजन में समस्त आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

## 22 वे मुनि दीक्षा दिवस का द्वितीय चरण संपन्न हुआ

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में 28जुलाई 2025 को प्रातः काल की बेला में 22 वे मुनि दीक्षा दिवस का द्वितीय चरण एवं मुनि श्री भावसागर जी का 50 वां अवतरण दिवस आचार्य भक्ति , पादप्रक्षालन , आरती, परिक्रमा आदि मांगलिक क्रियाओ के साथ संपन्न हुआ, कमेटी ने बताया कि30 जुलाई कोप्रातः 7बजे से श्री नेमिनाथ भगवान का जन्म तप कल्याणक महोत्सव एवं मुनि श्री भावसागर जी महाराज का 22 वां मुनि दीक्षा दिवस का द्वितीय चरण धूमधाम से मनाया जाएगा 31 जुलाई को प्रातः 6 बजे से श्री पारसनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर पारसनाथ विधान ,महामस्तकाभिषेक निर्वाण लाडू अर्पण के साथ मनाया जाएगा, इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की 1500 पूजन लिखी गई है,उन्होंने जो भी कार्य किये सभी कार्य वर्ल्ड रिकॉर्ड बनते चले गए,उन्होंने पूरे विश्व की सेवा के लिए चिकित्सालय के लिए प्रेरणा दी,कैदियों को नशे से मुक्त करने के लिए हथकरघा के माध्यम से रोजगार प्रदान किया,पूरे देश की सबसे बड़ी समस्या बालिकाओं की सुरक्षाके लिए,प्रतिभास्थली के माध्यम से शिक्षा और संस्कार प्रदान किए जा रहे हैं,135 गौशालाओं के माध्यम से लाखों गायों की रक्षा की जा रही है,खाद्य पदार्थ शुद्ध मिले इसके लिए शांति धारा दुग्ध योजना प्रारंभ की गई , थी, शासन ,प्रशासन मेंअच्छे युवाओं का चयन हो इसलिएअनुशासनआदि संस्थाओं को प्रारंभ किया गया था ,उनकी साधना56000 वर्ष की थी ऐसा ग्रंथों में मिलता है , मोक्ष की प्रस्तावना है दीक्षा ,कर्मों की समीक्षा है , रत्नत्रय की संजीवनी है, जैन शासन की ध्वजा है , समता का उद्घाटन है ,मुलाचार का आचरण है, शून्य से अंक तक की यात्रा है, निर्माण से निर्वाण की यात्रा है, आत्म उत्थान का मुकाम है, मोह से मोक्ष की यात्रा है, राग से विराग की ओर बढ़ना है, शून्य से शिखर की यात्रा होती है दीक्षा, मुनिश्री धर्म सागर जी महाराज ने कहा कि आपने यह जो विशेष कार्य किया है आप सभी साधुवाद के पात्र हैं।

## श्रद्धालुओं ने खुर्शीपार कला पिडरई खुर्द से निकाली कांवड़ यात्रा

**गाँव गांव भ्रमण के बाद धाम के लिए हुई रवाना, गांव के श्रद्धालुओं ने भेंट किए फल व पेयजल**

**बरघाट ।** सावन माह में पूरे क्षेत्र में धर्म कार्य जोरों से चल रहे है। नगर व क्षेत्र के शिव मंदिरों, हनुमान मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा हैं। इसके साथ ही विभिन्न दिनों में कलश यात्रा व कावड़ यात्रा का आयोजन भी श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा हैं। विभिन्न मंदिरों में सुंदर कांड, रामायण पाठ, भजन, कीर्तन आदि का आयोजन प्रतिदिन हो रहा हैंइसी कड़ी में सोमवार को पिडरई खुर्शीपार के तत्वावधान में विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। यह विशाल कावड़ यात्रा भगवान शिव का अभिषेक करेगी। इस पावन कांवड़ यात्रा में सैकड़ों शिव भक्त शामिल हुए। इन शिव भक्तों का शुद्ध पेयजल एवं फल भेंट कर स्वागत किया गया। इस कावड़ यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में शामिल श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ के जयकारे के यात्रा को सफल बनाया।

# नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत लखनादौन में नुक्कड़ सभाएं आयोजित

### युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश

**लखनादौन (सिवनी)।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मादक द्रव्यों के सेवन के उन्मूलन हेतु चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत लखनादौन क्षेत्र में एक प्रभावी पहल देखी गई। नशे की बढ़ती लत, विशेष रूप से युवाओं के बीच, समाज के लिए चिंता का विषय बन चुकी है। इसे ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में जनजागरूकता की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में एसडीओपी अपूर्व भलावी व नगर निरीक्षक के पी धुर्वे के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न गांवों में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों, विशेषकर किशोरों व युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया और नशे से दूर रहने की अपील की गई।एसडीओपी अपूर्व भलावी ने कहा कि, नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार और समाज पर भी इसका गहरा असर पड़ता है। हमें मिलकर एक नशामुक्त समाज की ओर कदम बढ़ाना होगा।नगर निरीक्षक के पी धुर्वे ने भी युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे के प्रलोभनों से दूर रहें और अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं।स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों से निश्चित ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। नशामुक्ति अभियान लखनादौन में जनभागीदारी के साथ एक आंदोलन का रूप ले रहा है, जिससे क्षेत्र में एक नई सामाजिक चेतना का संचार हो रहा है।

# फैशन चौक में टूटी हुई नाली बन रही है दुर्घटनाओं का कारण

### आये दिन कई राहगीर हो रहे चोटिल

**सिवनी।** सिवनी नगर परिषद की लापरवाही आमजन के लिए दुर्घटनाओं का कारण बनती जा रही है। नगर के उपनगरीय क्षेत्र भैरोगंज के महामाया वार्ड फैशन चौक से मुंगवानी रोड तक जाने वाली नाली जगह-जगह टूट गई है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। बीते दिवस इस टूटी हुई नाली में बाइक सवार तीन युवक गिर कर चोटिल हो गए थे। वही कई बार इस टूटी हुई नाली में फोर व्हीलर भी घुस जाती है। बीते 15 दिनों में करीब 10 से 15 लोग इस पर चोट ग्रस्त हो चुके हैं। वार्डवासियों ने कई बार इस समस्या से नगरपालिका प्रशासन एवं जन प्रतिनिधियो को अवगत कराये,परंतु इसके बावजूद भी हालत जस के तस बने हुए है। न ही इस समस्या की ओर नगरपालिका प्रशासन ध्यान दे रहा है और न ही कोई जनप्रतिनिधि का ध्यान आकर्षित हो रहा है।

### सीएम हेल्पलाइन को बिना कार्य किये कर रहे बंद :

नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 01 महामाया वार्ड फैशन चौंक के पास मुख्य मार्ग की नाली माह मार्च से टूटी हुई है जिसकी शिकायत वार्डवासियों ने नगरपालिका में किया। लेकिन आज तक उक्त नाली का सुधार कार्य नहीं किया गया। उक्त मार्ग मुंगवानी रोड से परतापुर रोड को जोड़ता है जिसमें काफी आवागमन होता और जिस स्थान पर नाली टूटी है वहां पर मार्ग में टर्निंग बनी हुई है जिससे प्रतिदिन स्कूल कॉलेज के बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय निवासी श्रीमति सीता बाई राजपूत एवं योगेश राजपूत ने बताया कि उन्होने माह मार्च 2025 से अभी तक 07 सीएम हेल्पलाइन लगाया है लेकिन नगरपालिका सिवनी के द्वारा बिना कार्य किये उसका झूठा निराकरण कर सीएम हेल्पलाइन बंद करवा दी जाती है। योगेश राजपूत ने आगे बताया कि इनके घर के सामने से नाली टूटी है जिसके कारण वारिस का गंगा पानी रोड में फैलकर सीधे इनके घरों में भर जाता है और जहरीले कीड़े भी घरों में आ जाते हैं। जिला प्रशासन एवं सिवनी नगरपालिका से अविलंब नाली ठीक कराने हेतु समस्त वार्डवासी अपील करते हैं। वर्तमान में उक्त नाली टूटने की शिकायत पर सीएम हेल्पलाइन नंबर 33424803 लगी हुई है।वार्डवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जनहित में 15 दिवस के भीतर टूटी हुई नाली का शीघ्र अति शीघ्र निर्माण करवाकर वार्डवासियों को राहत देने की मांग की है। अगर नगरपालिका प्रशासन द्वारा 15 दिवस के भीतर इस मांग को पूर्ण नहीं किया जाता तो वार्डवासियों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

## माँ ज्वालादेवी मंदिर में 99वें सप्ताह में भव्य धार्मिक आयोजन

सिवर्नी। भैरोगंज-परतापुर रोड स्थित माँ आदिशक्ति ज्वालादेवी मंदिर में लगातार 99वें सप्ताह भी शनिवार को सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, अखंड रामायण, रूद्राभिषेक एवं महाभंडारे का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस श्रृंखला में विगत 99 सप्ताहों से प्रत्येक शनिवार को सामूहिक सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का आयोजन किया जा रहा है। 99वें सप्ताह के अवसर पर श्रद्धालुओं ने अखंड रामायण, विशेष पूजन, रूद्राभिषेक एवं हवन में भाग लिया, साथ ही प्रसाद व भंडारे में श्रद्धापूर्वक सहभागिता की।समिति सदस्य शुभम राजपूत ने बताया कि इस आयोजन में न केवल सिवनी जिले से, बल्कि आसपास के जिलों और राज्यों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। आयोजन में महिलाओं, युवाओं और विद्यार्थियों की सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

### केवलारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न कार्यों की मिली स्वीकृति

केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह ने पूर्व में विधानसभा सत्र दौरान के दौरान याचिका के माध्यम से केवलारी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न ग्रामों में 33/11 के.व्ही के नवीनतम विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए जाने एवं पूर्व से स्थापित विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि किए जाने हेतु सदन में याचिका प्रस्तुत किया। जिसमें विभाग द्वारा केवलारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है ।1. विभाग कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 में केवलारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पलारी में 33/11 यङ्क का नवीनतम विद्युत उपकेंद्र की स्वीकृति प्रदान की गई है। ग्राम बंदेली में 33/11 यङ्क का विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए जाने की माँग की की गई थी जिसमें विभाग द्वारा 33/11 यङ्क का विद्युत उपकेंद्र रायखेड़ा की क्षमता वृद्धि करते हुए 5 रूङ्कर के स्थान में 10 रूङ्कर क्षमता का श्चश2द्वहम्‌ ट्रांसफार्मर स्थापित किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। उगली क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की समस्या के निदान हेतु उगली एवं कनारी उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि किए जाने माँग की गई थी जिसमे विभाग द्वारा पांडिया छपारा उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि करते हुए 5 रूङ्कर के स्थान में 10 रूङ्कर क्षमता का श्चश2द्वहम्‌ ट्रांसफार्मर स्थापित किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है।

## श्रावण मास में हनुमान नाला हनुमान मंदिर में चल रहा है अखंड रामायण पाठ, दूर-दूर से आ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



मंडला से बिछिया राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 30 पर बिछिया नगर से महज 6 किलोमीटर की दुरी पर स्थित परम सिद्ध हनुमानला धाम जहां विराज मान महावीर हनुमान जी की प्राचीन प्रतिमा विराजित हैं यह स्थान पुराने समय से एक सिद्ध स्थान माना जाता है जहां बाहर से दूर दूर से श्रद्धालु दर्शन करने ओर मनोरम स्थान का दर्शन लाभ के लिए आते है, ऐसे सिद्ध स्थान पर प्रति वर्ष श्रावण मास के पावन अवसर पर श्रीरामचरितमानस का लगातार अखंड पाठ हो रहा है, जो (जंगल में मंगल जैसा है) पूरे श्रावण मास चलेगा। इस वर्ष 11 जुलाई श्रावण मास के प्रथम दिवस से श्री हनुमान नाला धाम आश्रम समिति द्वारा आयोजित अखंड पाठ प्रारंभ है जिसका समापन 9 अगस्त 2025 शनिवार को श्रावण माह के अंतिम दिवस हवन पूजन कन्या भोज विशाल भंडारा के साथ समापन होगा। इस अवसर पर यहां भुआ बिछिया व आसपास के ग्राम के धर्मप्रेमी बंधुओं के द्वारा प्रतिदिन जंगलों के बीच हनुमान जी के दर्शन के साथ रामायण पाठ करने आ रहे हैं वहीं हर प्राकार से सहयोग कर पुण्य लाभ ले रहे हैं, प्रतिदिन दिन से लेकर रात्रि तक 24 घंटे क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी बंधु आश्रम आकर रामायण का पाठ करते हैं, जिससे संपूर्ण श्रावण माह में आश्रम का भक्तिमय वातावरण बना रहता है। क्षेत्र की मातृ शक्तियां एवं वादक यंत्रों में प्रवीण श्रद्धालु जन प्रतिदिन श्री हनुमान नाला आश्रम में आकर रामायण पाठ कर रहे हैं। इसके अलावा आश्रम में कावड़ यात्री लंबी दूरी तय कर यहां आकर विश्राम करते है और भक्तिभाव से सराबोर होकर आगे की यात्रा तय करते हैं, इस तरह दूर-दूर से साधु संत महात्मा भी यहां आकर विश्राम करते हैं।

# कुंभेश्वर कुम्हा घाट से जगह जगह निकली कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



श्रद्धा आस्था साधना का पर्व श्रवण मास में गायत्री परिवार नारायणगंज की कावड़ यात्रा भी हुई ये यात्रा कुम्हा से नारायणगंज गायत्री मंदिर तक पहुंची, 7 किलोमीटर की पैदल यात्रा में श्रद्धालु शिव भक्ति में लीन दिखाई दिए, गायत्री परिवार से सोमनाथ पटेल, ललिता ठाकुर, भागवत यादव, रोहित ठाकुर,आदि श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### भवाल क्षेत्र के युवाओं की कावड़ यात्रा, नर्मदा जल से हुआ महाकाल का हुआ जलाभिषेक

सावन मास के पवन पर्व पर जगह जगह कावड़ यात्रा निकल रही है, ऐसी ही एक कावड़ यात्रा हर साल की तरह इस साल भी भवाल श्रेत्र के युवाओं द्वारा कावड़ यात्रा निकली गई जिसमें कुंभेश्वर घाट से नर्मदा जल भार कर कुम्हा, चीरी, लीलापुर, भवाल होते हुए भू चेतना आश्रम के मंदिर में स्थापित महाकाल का हुआ पूरी पूजा विधि से हुआ नर्मदा जलाभिषेक, भूमचेतन आश्रम के पुजारी अजीत दुबे समाज सेवक दुर्गेश सिंगरोरे लोधी, रणजीत राजपूत ने किया कावड़ियों का तिलक वंदन कर स्वागत अंत में भंडारा और प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ भवाल क्षेत्र के युवा कावड़ियों, मातृ शक्ति, मनीष दुबे, प्रदीप उइके, लवकेश झरिया, नितेश झरिया, दिव्यांश राजपूत, रणजीत राजपूत, शुभम ठाकुर, रामसिंह झरिया, जगदीश झरिया, बाबू राम झरिया, अनसुईया वरकड़े, आशय रिंकू जसवाल, ब्रजमोहन ठाकुर, राजू उईके शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### जन अभियान परिषद किरनापुर द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का हुआ आयोजन

**किरनापुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड किरनापुर के अंतर्गत नवांकुर संस्था दीप ज्योति तेजस्वी महिला संघ किरनापुर द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम विकासखंड किरनापुर के ग्राम मोरवाही में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक श्रीमती रुचिका बैस के मार्गदर्शन में आयोजित की गई कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती की छायाचित्र की पूजा अर्चना, कलश पूजन एव पौधों की पूजा के साथ हुआ तत्पश्चात नवांकुर सखियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति समुदाय को जागरूक करना था कार्यक्रम उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया साथ ही मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें उपस्थित अतिथियों द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में अपने-अपने विचार रखें ! कार्यक्रम के दौरान श्रीमती चेतना कुराहे जिला पंचायत सदस्य, भंडारकर मैडम (शिक्षक) धारने मैडम (शिक्षक) , अनिल रहगडाले (पंच) , दीप ज्योति तेजस्विनी महिला संघ किरनापुर से सविता बोपचे (अध्यक्ष), वंदना मेश्राम (सचिव) , भुमेश्वरी बिसेन, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति - प्रतिमा बिसेन, संध्या राहडाले, रीना मेश्राम, ममता चौधरी, कलावती बरवे, सविता लिलहरे, महेश पटले सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति सराहनीय रही।

### 28 जुलाई को हुए मैच में गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश और त्रिपुरा ने अपने-अपने मैच जीते

**बालाघाट** में 26 जुलाई से 05 अगस्त 2025 तक चलने वाली जूनियर नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन 28 जुलाई को 04 मैच खेले गए । रेंजर कालेज ग्राउंड में खेले गए मैच में उत्तरप्रदेश की टीम ने अंडमान एवं निकोबार की टीम को 18-0 से एवं त्रिपुरा की टीम ने हिमाचल प्रदेश की टीम को 2-1 से पराजित कर दिया है। पुलिस लाइन ग्राउंड पर खेले गए मैच में गुजरात की टीम ने पाण्डिचेरी की टीम को 7-2 से तथा मुलना स्टेडियम ग्राउंड में खेले गए मैच में मध्यप्रदेश की टीम ने आंध्रपेदश की टीम को 4-0 से पराजित कर दिया है। इस प्रतियोगिता में देश के 16 राज्यों की टीम भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर देश की जूनियर फुटबाल टीम का चयन किया जाएगा।

### मोहगांवघाट सोसायटी में उर्वरक की बनी कमी

**खैरलांजी।** रामपायली बांच्र के अंतर्गत आने वाली सेवा सहकारी समिती मोहगांवघाट में उर्वरक की कमी बनी हुई है जिसके कारण कृषको परेशानी हो रही है। अबतक समिती के द्वारा कृषको को 413 कृषक को उर्वरक प्रदान किया गया बावजूद समिती में यूरिया, डीएपी, पोटाश, बीस जीरो तेरहा रासायनिक खाद की कमी बनी हुई है । प्रबंधन के द्वारा इसकी सुचना ऊपरी स्तर पर दि है ताकी खाद आने पर समिती को उपलब्ध हो जाए। जानकारी के अनुसार इस सेवा सहकारी समिती अंतर्गत मोहगांवघाट,मिरगपुर ,सावरगांव, गुडरूघाट, पांढरवानी, खापा आते है । इन छह गांवो के करीब 778 के आसपास कृषक समिती से सक्रिय रूप से लेनदेन करते है। कृषको ने बताया की धान की रोपाई जोरो पर शुरू है , अभी उर्वरक की आवश्यकता है । समिती में रासायनिक खाद की कमी है बनी हुई है जिससे कृषक परेशान है। उर्वरक न होने से कृषको को समिती में आ कर वापस जाना होता है। समिती प्रबंधन भी रासायनिक उर्वरक उपलब्ध हो जाए जिसके के लिए लगातार उपर से संपर्क बनाकर रखा है । कृषको ने खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। समिती प्रबंधन ने बताया की समिती में खाद की कमी बनी हुई है जिसकी जानकारी उच्च स्तर पर दि गई है।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन





बालाघाट

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में बालाघाट स्नातक कालेज गर्रा (मशीनटोला) में नालसा (नशा पीड़ितो को विधिक सेवाएँ एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएँ) योजना 2015 व बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएँ एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएँ योजना 2015 विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय की प्रभारी श्री अर्चना श्रीवास्तव एवं महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकागण, जिला प्राधिकरण के कर्मचारी श्री धनेन्द्र उपराड़े एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहें।

कार्यक्रम की शुरूआत में न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीष शर्मा द्वारा मोटरयान अधिनियम, दहेज प्रतिषेद्य अधिनियम एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्होने मध्यस्थता योजना एवं लोक अदालत के लाभ के बारे उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया। शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेद्य अधिनियम, साईबर क्राईम से बचाव के उपाय एवं नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान दी। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं के पुछे गये प्रश्नों के संबंध में उत्तर दिया गया।



# समय समा के कार्यों को पूर्ण करे: जोशी

बालाघाट

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट मुख्यालय द्वारा कलेक्टर व बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में 28 जुलाई को बैंक सीईओ पी. जोशी ने शाखा प्रबंधकों, सुपरवाइजरों, संस्था प्रबंधकों और समिति कर्मचारियों की बैठक में वीसी के माध्यम से निर्देशित किया कि बैंकिंग समयबद्ध कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करे अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जावेगी।इस दौरान श्री जोशी ने अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना को लेकर विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शाखावार दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करे। श्री जोशी ने किसान ऋण पोर्टल में प्रविष्टि, ईआरपी, खरीफ ऋण विरतण, खरीफ फसल बीमा, रुपे केसीसी कार्ड, पैक्स कंप्यूटराइजेशन, समितियों के पुनर्गठन, मध्यम कालीन ऋण आवेदन और सीबीएस अंतर्गत विभिन्न विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई साथ ही आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर राजेश नागपुरे फील्ड विभाग प्रमुख, एम.एल. यादव विपणन विभाग प्रमुख, सारंग बिसेन, राजनंदनी परिहार आदि उपस्थित रहे।

# खैरलांजी में नव युवक बाल गणेश उत्सव समिती की बैठक सम्पन्न

खैरलांजी।

खैरलांजी मुख्यालय में रविवार को 27 जुलाई को नव युवक बाल गणेश उत्सव समिति गांधी चौक के तत्वावधान में आगामी गणेश उत्सव को लेकर समिति पदाधिकारीयो के द्वारा नगर के हनुमान मंदिर में बैठक आयोजित की गई । बताया गया की इस दौरान बैठक में समिति के पदाधिकारीयो के द्वारा आगामी गणेश उत्सव को लेकर चर्चा की गई एंव कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई ताकि गणेश उत्सव हर्ष उल्लास और पूरी आस्था अनुरूप मनाया जा सके। तथा 5 सितंबर को दुय्यम शायरी का कार्यक्रम रखा गया है जिसमे गोंदिया महाराष्ट्र एवं सिवनी मध्यप्रदेश के कलाकारो के द्वारा शायरी की प्रस्तुती दि जायेगा एंव गणेश उत्सव के पूरे दस दिनो तक सार्वजनिक पंडाल में विविध कार्यक्रम रखे जायेंगे जिसको लेकर चर्चा की । इस दौरान बैठक में नव युवक गणेश उत्सव समिति गांधी चौक, विनोद लिल्हारे अध्यक्ष ,कुणाल रंगडे कोषाध्यक्ष,हिमांशु लिल्हारे ,आदर्श रनगडे उपाध्यक्ष अनिकेत कृपगये बलराम अटराहे ,जयेंद्र बहेटवार,हिमांशु रनगडे,अश्वनितेक नगपुरे ,प्रदीप नगपुरे,कमलेश मसकरे,योगेन्द्र मसकरे ,आनंद मोरवे ,संकित रनगड़े आकाश मसकरे ,कृष्णा बिरणवार ,आकाश मसकरे ,कृष्णा मसकरे,सौरभ लिल्हारे ,धीरज मसकरे ,कुंदन कृपगये ,ऐवन लिल्हारे,मनमोहित मसकरे,आकाश पताहे ,महेंद्र रंगडे ,आर्यन देव बहेटवार,सुमित कृपगये ,पोरश लिल्हारे ,राहुल मसकरे ,कृष्णा रनगडे ,पोरस नगपुरे ,उपेंद्र लिल्हारे ,बंटी रनगड़े,शुभम मसकरे ,सोनू ,योगेंद्र माहुले, सुरेंद्र कृपगये,भावेश मसखरे, अजय लिल्हारे, शंकर कुकवासे ,राजकुमार बहेटवार सहित अन्य मौजूद रहे।

# विधायक मधु भगत ने ध्यानाकर्षण शून्यकाल में अनेक मुद्दे उठाये

बालाघाट

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने सोमवार से प्रारंभ हुए विधानसभा सत्र के अंतर्गत क्षेत्र एवं जिले से जुड़े अनेक मुद्दों की तरफ संबंधित विभाग का ध्यान केन्द्रित किया। ध्यानाकर्षण शून्यकाल प्रश्न क्र. 320 में उन्होने पूछा की लामता, चांगोटोला, हट्टा, रजेगांव नवीन आईटीआई कब प्रारंभ की जायेगी ? इस पर जवाब देते हुए कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि बालाघाट जिले में नवीन शासकीय आईटीआई प्रारंभ नहीं की गई है अपितु एसडीसी परसवाड़ा को शासकीय आईटीआई परसवाडा में उन्नयन की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं विभाग की नीति प्रत्येक विकासखंड में एक शासकीय आईटीआई खोलने की है। ग्राम चांगोटोला, लामता, रजेगांव तथा हट्टा विकासखंड बालाघाट, किरनापुर, परसवाड़ा के अंतर्गत आते है जहां पूर्व से ही शासकीय आईटीआई संचालित है। इसलिये पृथक से आईटीआई खोलने का कोई प्रावधान नहीं है।

इसी तरह से उन्होने विधायक भगत ने प्रश्न क्र. 321 के तहत खेल एवं युवा कल्याण मंत्री से पूछा की बालाघाट जिले में विगत पांच वर्षो में किस किस कार्य हेतु किस किस पद से कितनी कितनी राशि किस किस तिथि को प्राप्त हुई। उक्त राशि में से किस कार्य हेतु किस किस कार्य एंजेसी को कितने राशि का भुगतान किया गया। जिस पर मंत्री ने जवाब दिया कि आपके जिले में पांच वर्षो में प्राप्त राशि मद कार्य एवं राशि का वितरण तिथिवार पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के प्रपत्र अ अनुसार अवलोकन करने पर आपको संपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। खेल साम्रगी क्रय हेतु जिलों का आबंटित बजट अत्यंत सीमित होता है इसे दृष्टिगोचर रखते हुए जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर खेल साम्रग्री का वितरण नहीं किया जाता। वहीं प्रश्न क्रं. 322 में उन्होने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री से पूछा की जनपद पंचायत बालाघाट में वर्ष 2025-26 में बाऊंड्रीवाल व अन्य निर्माण कार्य प्रारंभ होने के पहले ही राशि आहरण कर लिया गया। इस पर मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जवाब दिया कि जनपद द्वारा अग्रिम राशि का आहरण नहीं किया गया है बल्कि 2024-25 में शासन से प्राप्त पांचवे वित्त आयोग मद से जनपद परिसर में बाऊंड्रीवाल, टायलेट एवं लघु मूल कार्य हेतु ग्राम पंचायत को कार्य एंजेसी बनाया गया है। इसी तरह प्रश्न क्र. 323 में उन्होने उच्च शिक्षा मंत्री से पूछा कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 2009 में आयोजित प्राध्यापक भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनीत प्रोफेसर राजकुमार वर्मा वर्तमान में कुलगुरू रानी दुर्गावती वि.वि. जबलपुर की शैक्षिक शोध पात्रता से विज्ञापन की अंतिम तिथि 20/02/2009 तक उनके उच्च गुणवत्ता वाले शोध पर स्वीकृति या प्रकाशित थे, यदि हां तो उनके द्वारा कितने स्वीकृति शोध परियोजनाओं का निर्देशन व संचालन किया गया है।

इसी तरह विधायक भगत ने विधानसभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 267 के अधीन दिनांक 28/07/2025 को सदन की जानकारी में अनेक विषय आने की सूचना देते हुए कृषक को मिलने वाली डीएपी खाद की जानकारी मांगी है। जबकि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र शासन द्वारा प्रदेश में कार्यरत नर्सिंग संवर्ग अधिकारी/कर्मचारी की वरिष्ठता सूची विभागीय वेबसाइट एवं विभागीय पोर्टल पर अपलोड नहीं करने एवं पुरानी वरियता सूची पोर्टल पर दर्शाने संबंधित जांच करने एवं संचनालय स्तर पर अधिक समय में कार्यरत बिना योग्यताधारी अधिकारी एवं कर्मचारी की पदस्थापना की जांच करने की मांग भी रखी।

## 30 जुलाई को जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक

**बालाघाट** आगामी 30 जुलाई को जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में दोपहर 02 बजे से प्रारंभ होगी। पूर्व में यह बैठक 29 जुलाई को आयोजित की गई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से बैठक की तिथि में संशोधन कर 30 जुलाई कर दिया गया है।

# चल कांवड़िये शिव के धाम, शिव आएंगे तेरे काम.....

# श्रद्धालुओं की टोलियों और हर-हर महादेव के जयकारों से झूम उठी धर्मनगरी

**सावनमास के तीसरे सोमवार को हजारों की संख्या में कोटेश्वरधाम पहुंचे शिवभक्त***

सावनमास देवो के देव महादेव, कालों के काल महाकाल भगवान शिव की विशेष भक्ति का मास माना जाता है संपूर्ण सावनमास में भोलेबाबा की आराधना, उपासना के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान किये जाते है। विगत 11 जुलाई से प्रारंभ हुए सावन मास का तृतीय सावन सोमवार 28 जुलाई को भक्तिभाव के साथ मनाया गया। शिवभक्तों ने प्रात: काल ब्रम्ह मुहुर्त में उठकर पूजन-अर्चन के साथ ऊँ नम: शिवाय और हर-हर महादेव का जप करते हुए भगवान भोलेनाथ की आराधना की।

लांजी।

क्षेत्र के मंदिरों तथा शिवालयों में भक्तों की कतारें लगी रहीं और शिवजी का जलाभिषेक कर मंगलकामनाओं के साथ पूजनपाठ किया गया। धर्मनगरी लांजी में काशीनाला तट पर स्थित भगवान कोटेश्वरनाथ मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार को विविध धार्मिक आयोजन किये गये। इस दौरान मंदिर में भारी संख्या में भक्तों की भीड़ देखी गई। सुबह से ही कोटेश्वर महादेव के दर्शनो के लिये कतारे देखी गई। भोलेनाथ के जयकारों के साथ भक्त गण महादेव का अभिषेक पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित किया गया। सावमास में शिवभक्तों द्वारा कोटेश्वर धाम में तीसरे सोमवार को विविध आयोजन किये गये जिसमें जगह-जगह कावडिय़ों के लिये जलपान की व्यवस्था, फ्री हैल्थ चैकअप कैंप आयोजित कर भगवान महादेव की भक्ति आराधना की गई।

**लिंगेश्वर कावड़ सेना ने चढ़ाया जल और त्रिशूल किया अर्पित.... .**

सावन मास के तीसरे सोमवार को काविडय़ों की अनेक टोलियां कोटेश्वर धाम पहुंची जिन्होने देवादिदेव महादेव भगवान कोटेश्वरनाथ महादेव को अपने कावड़ का जल चढ़ाकर उनका अभिषेक किया और आर्शीवाद प्राप्त किया। इसी कड़ी में ग्राम लिंगा से 27 जुलाई को निकले लिंगेश्वर कावड़ सेना के शिवभक्त कावडियों ने भगवान कोटेश्वर धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किया। इस दौरान कावड़ियों के द्वारा बोल बम, बम बम के नारों से पूरा कोटेश्वरधाम गुंजायमान हो गया। कावड़ियों ने बताया की वे पिछले 11 वर्षो से भगवान कोटेश्वरनाथ भगवान को जल चढ़ाने पहुंचते है। लिंगेश्वर कावड़ सेना के कावडियों ने भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने के बाद त्रिशूल भी अर्पित किया। उल्लेखनीय है की लिंगेश्वर कावड़ सेना की इस टोली में लगभग 200 से अधिक कावडिय़े कोटेश्वर धाम पहुंचे थे। वहीं लांजी से 42 किमी दूर चहेली से भी कावडिय़ों ने जल लाकर भगवान भोलेनाथ को अर्पित कर पूजा अर्चना की।

***शिवभक्तों ने किया महाप्रसाद का वितरण.....**



श्रावण मास के पावन अवसर पर प्रत्येक सोमवार को कोटेश्वर धाम में भक्तों का मेला लगा रहता है दुसरी ओर अनेको ऐसे शिवभक्त गण एवं समिति है जो कि प्रत्येक सोमवार को कोटेश्वर धाम परिसर के समीप महाप्रसादी का आयोजन किया जाता है। कोटेश्वर महादेव को भोग लगाने के पश्चात महाप्रसादी वितरण प्रारंभ किया जाता है। भक्त गणो के लिये कोई पुलाव की तो कोई फलाहार की व्यवस्था करता है। कोटेश्वर महादेव के दर्शन के पश्चात समस्त भक्त गण एवं कांवडिय़े महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करते है। इसी कड़ी में ग्रामीण चिकित्सक संघ द्वारा दर्शनार्थियों और कावडिय़ों के लिये निजी चिकित्सकों द्वारा फल वितरण कर शिव आराधना की गई। वहीं सदभावना मित्र मंडल लांजी द्वारा लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं के लिये महाप्रसाद भोजन की व्यवस्था कोटेश्वर धाम में की गई है वहीं ठेकेदार बबलू शिवलिया द्वारा पुलाव वितरण की व्यवस्था की गई है।

**फ्री हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन.....**

सावनमास के अवसर पर डॉ. खरोले पॉली क्लीनिक के द्वारा हर सोमवार को निःशुल्क हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान खरोले पॉली क्लीनिक के डॉ. ए.आर. खरोले (एमबीबीएस जनरल फिजिशियन), डॉ. एस.आर. खरोले एमबीबीएस जनरल फिजिशियन, डॉ. श्रुति बिसेन (पटेल) (एमबीबीएस, डीजीओ), प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. उत्कर्ष घोरमारे (एमबीबीएस, एमएस, जनरल सर्जन), द्वारा लोगों की जांच की जा रही है। 28 जुलाई को इस कैंप में लगभग एक सैकड़ा से अधिक लोगों की जांच की गई एवं उपचार किया गया तथा निःशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा बच्चों एवं बड़ों में सर्दी, खांसी, बुखार, एलर्जी पेट दर्द, डायरिया, मलेरिया, टायफाईड, डेंगु का उचित ईलाज एवं परामर्श दिया गया। साथ ही महिला संबंधित रोगों की भी जांच की गई। इसके साथ ही बड़ों में बीपी, थायराइड, टीबी, शुगर (डायबिटीस) एवं अन्य समस्याओं का उचित ईलाज एंव परामर्श दिया गया।

**पुलिस ने संभाली नगर और मंदिर की व्यवस्था.....**

सावनमास के तीसरे सोमवार को कोटेश्वर धाम में जहां हजारों की संख्या में शिवभक्त पहुंचे वहीं पूरा नगर धर्ममय वातावरण और मेले में तब्दील नजर आया। नगर की व्यवस्था को संभालाने के लिये लांजी पुलिस के द्वारा कोटेश्वर धाम में चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था की गई, वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन में एसडीओपी ओमप्रकाश एवं थाना प्रभारी व्यंकट टांडिया के नेतृत्व में संपूर्ण व्यवस्था की गई, लांजी अनुभाग एवं रक्षित केन्द्र बालाघाट से जिला पुलिस बल के अधिकारी कर्मचारी, महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियो की तैनाती की गई थी ताकि दर्शनार्थियो को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो। इसी क्रम में लांजी एसडीएम अन्य अधिकारियो द्वारा समय समय व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया।

